(ग) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्यात्मक ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) 1995–96 के दौरान देश के लिए नए एल०पी०जी० उपभोक्ताओं के नामांकन का लक्ष्य 15 लाख निर्धारित किया गया है ।

(ख) और (ग) वर्तमान उत्पादन स्रोतों की क्षमता में वृद्धि करके नए संयंत्रों की स्थापना करके तथा और अधिक आयातों के माध्यम से आपूर्ति में वृद्धि करके एल पी जी की और ज्यादा उपलब्धता के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों के माध्यम से उपलब्ध एल०पी०जी० के अतिरिक्त, देश में एल०पी०जी० की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए सरकार ने फरवरी, 1993 में निजी एजेंसियों द्वारा एल.पी.जी० के आयात और विक्रय की अनुमति देने का निर्णय लिया है । उद्योग ने भी नए स्थानों पर एल०पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिपें खोलने की योजना बनाई है

Condition of catalytic converters for vehicles

8031. SHRI K, RAHMAN KHAN Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is compulsory to have catalytic convenors in the cars,, in the Metors sold after the 1st April,'1995;

(b) if so, whether, Government have provided enough infrastructure for the smooth' availability of unleaded petrol in all petrol bunks in the Metros;

(c) . if .not, whether .it. could cause enormous inconvenience to the persons having vehicles with catalytic convenors; and

(d) whether some scientists have cri-tisised the use of catalytic convenors in automobiles; if so, the reasons therefor?

, THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Unleaded petrol is made available through 154 selected retail out lets in the four metros to meet the requirement of catalytic convenor fitted petrol driven vehicles. Unleaded petrol *is* also available through 15 retail outlets along the trunk routes emanating from the four metros. " This is* expected to meet the present requirement of un laded petrol. .....

(d) Government is not aware of any criticism of catalytic converter equipped vehicles.

गुजरात के तेल क्षेत्रों में जलाई जाने वाली गैस

8032. श्री अनन्तराय देवशंकर दवे : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात के विभिन्न तेल क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस का प्रतिदिन कितनी मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है ;

(ख) इस राज्य में विभिन्न तेल क्षेत्रों में प्रतिदिन कितनी मात्रा में गैस जलाई जा रही है ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार गुजरात में ऐसी गैस का उपयोग करने का विचार रखती है जो अब तक जलाई जा रही है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस प्रस्ताव को कब तक स्वीकृति दे दी जायेगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और ख) वर्ष 1994–95 में गुजरात में 6.60 एम.एम०एस०सी०एम० डी० प्राकृतिक गैस का उत्पादन हुआ था जिसमें से 0.76 एम०एम०एस०सी० एम०डी० गैस जलायी गयी थी ।